करि्गज़िस्तान और ताजकिस्तान सीमा समझौता

[स्रोत: द हिंदू]

करि्गज़िस्तान और ताजकिस्तान ने विवादित **भूमि का आदान-प्रदान करने,** कृषि भूमि और जल संसाधनों तक पहुँच में सुधार करने, तथा **अपने लंबे समय से चले आ रहे सीमा संघर्ष को समाप्त करने पर सहमति** व्यक्त की है।

संघर्ष के कारण:

- यह संघर्ष **अलग-अलग मानचित्रों और फरगना घाटी के एकपक्षीय विभाजन** के कारण सीमा विवादों से उत्पन्न होता है, जिससे **करि्गज़ि, ताजिक और उज़्बेकों के बीच जातीय तनाव** उत्पन्न होता है।
- **करि्गज़िस्तान और ताजकिस्तान:** दोनों **मध्य एशियाई देश** हैं, जिन्हें **वर्ष 1991 में** [सोवियत संघ] से स्वतंत्रता मिली थी ।
- **करि्गज़िस्तान** की सीमा **कज़ाकस्तान, चीन, ताजकिस्तान और उज़्बेकिस्तान** से लगती है, तथा **बिश्केक** इसकी राजधानी है।
- **ताजकिस्तान** की सीमा **अफगानिस्तान, चीन, करि्गज़िस्तान और उज़्बेकिस्तान** से लगती है और **दुशांबे** इसकी राजधानी है।
- दोनों देश **उज़्बेकिस्तान के साथ फरगना घाटी** साझा करते हैं।

और पढ़ें: [भारत मध्य एशिया संबंध]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kyrgyzstan-tajikistan-border-deal